कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री अशोक कुमार सांखला (बीमा अन्वेषक) पुत्र श्री गिरीराज लाल सांखला, पता–एस.बी. आई. बैंक वाली गली, आदर्श नगर, गंगापुर सिटी राज0 322201

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अति. जिला कलक्टर दौसा/उपखंड अधिकारी सिकराय/तहसीलदार सिकराय

अपील संख्या 71/2024

निर्णय

दिनांक 24.12.2024

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2024/3692 दिनांक 25.11.2024 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा ने पत्र कमांकः आरटीआई/2024/ 842 दिनांक 25.11.2024 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना उपखंड अधिकारी सिकराय व तहसीलदार सिकराय से संबंधित होने से धारा 6 (3) में स्थानान्तरित किया गया था। पत्रावली के अवलोकन से यह ज्ञात होता है कि उपखंड अधिकारी सिकराय व तहसीलदार सिकराय के द्वारा वस्तुस्थिति की सूचना जरिये पत्र कमांकः कमशः452 दिनांक 5.11.2024 व 319 दिनांक 25.10.2024 के द्वारा प्रेषित की जा चुकी है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली [illegible]ष्ठ लेख भंडार हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 10:30:33 IST
Reason: SelfAttested

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(दे[illegible]मार)
जिला कलक्टर, दौसा